**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं0 1911**
**22 सितंबर, 2020 को उत्तर के लिए**

**अहमदाबाद में स्मार्ट सिटी परियोजनाएं**

**1911. डॉ॰ (प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकीः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अहमदाबाद में स्मार्ट सिटी परियोजनाओं पर अब तक कितनी धनराशि व्यय की गई है और किन शीर्षों के अंतर्गत धनराशि व्यय की गई है;

(ख) अहमदाबाद में पूरी की गई परियोजनाओं की संख्या कितनी है; और

(ग) सभी स्मार्ट सिटी के आरंभ किए गए कार्यों की स्थिति संबंधी रिपोर्ट क्या है और इन कार्यों को पूरा किए जाने की समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री हरदीप सिंह पुरी)**

(क) स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) के तहत, केंद्र सरकार ने अहमदाबाद स्मार्ट सिटी के लिए 343 करोड़ रुपये जारी किए है । अपने समान अनुदान के हिस्से के रूप में, गुजरात सरकार ने शहर के लिए 317.5 करोड़ रु जारी किए है । 11.09.2020 की स्थिति के अनुसार कुल उपलब्ध धनराशि में से अहमदाबाद स्मार्ट सिटी ने 431.73 करोड़ रुपये का उपयोग किया है। । परियोजना निधि के तहत 414.23 करोड़ रुपये और प्रशासनिक और कार्यालय व्यय (ए व ओई) के तहत 17.50 करोड़ रु का उपयोग किया गया।

(ख) 11.09.2020 की स्थिति के अनुसार, अहमदाबाद स्मार्ट सिटी ने 1411.23 करोड़ रुपये लागत की 42 परियोजनाओं को पूरा किया है । स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) के तहत, भारत सरकार के 500 करोड़ रुपये प्रति शहर के वितपोषण और राज्य/शहरी स्थानीय निकाय द्वारा दी गई है, इसी के बराबर राशि के अतिरिक्त स्मार्ट सिटीज़

अन्य मिशनों / कार्यक्रमों, सार्वजनिक निजी भागीदारी, ऋण, स्वयं के संसाधनों आदि के साथ अभिसरण से धन का उपयोग कर रहे हैं।

(ग) 11.09.2020 की स्थिति के अनुसार, स्मार्ट सिटीज मिशन के तहत 1,68,734 करोड़ रुपये लागत की 4,903 परियोजनाओं की निविदा जारी की गई है जिनमें से 1,31,792 करोड़ रुपये लागत की 4,068 की परियोजनाएं कार्यान्वयनाधीन हैं / पूर्ण हो चुकी हैं। स्मार्ट सिटीज से स्मार्ट सिटी के रुप में चयन होने की तिथि से 5 वर्ष के भीतर से अपनी परियोजनाओं को पूरा करने की अपेक्षा की जाती है।

****